आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :12 अंक :296 पृष्ठ -4 दिनांक 24 अक्टूबर 2024 दिन गुरूवार

अहोई अष्टमी की हार्दिक शुभकामनायें

## दीपावली पर यूपी में कितने दिन रहेगी छुट्टी? योगी सरकार के नए फरमान से लोगों की बल्ले-बल्ले

## उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली के त्योहार की छुट्टियों का ऐलान कर दिया

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दीपावली के त्योहार की छुट्टियों की घोषणा कर दी है. मुख्य सचिव ने इस संबंध में सभी विभागों को आदेश जारी कर दिए हैं. जिसके साथ ही ये भी साफ हो गया है कि दीपावली का त्योहार इस बार किसी दिन मनाया जाएगा और किस दिन गोवर्धन या भाई दूज का त्योहार होगा. यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार हर साल दीपावली पर रामनगरी अयोध्या में भव्य दीपोत्सव मनाती है, जिसके लिए कई महीनों पहले से ही तैयारियां शुरू हो जाती है. यहीं नहीं इस बार दीपावली को लेकर भी लोगों में कन्फ्यूजन हो रहा था कि ये त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा या फिर 1 नवंबर को. सरकार की घोषणा के बाद ये कन्फ्यूज भी दूर हो



गई है. इस बार 31 अक्टूबर को ही दिवाली मनाई जाएगी. योगी सरकार ने जारी किए आदेश  सोमवार को मुख्य सचिव दीपक कुमार की ओर से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों और कोषागारों को आदेश जारी किया गया है जिसमें दिवाली से पहले सरक. ारी कर्मचारियों के वेतन को जारी करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके साथ ही दिवाली को लेकर भी स्थिति साफ हो गई है. शासन की ओर से जारी आदेश में 31 अक्टूबर को दीपावली का अवकाश दिया गया है.

**जबकि दो नवंबर को गोवर्धन पूजा की छुट्टी रहेगी और 3 नवंबर को भाई दूज का पर्व मनाया जाएगा. सरकार की ओर से जारी आदेश में इन दिनों की ही छुट्टी घोषित की गई है जबकि एक नवंबर को स्थिति साफ नहीं है.**

**दरअसल इस बार दीपावली के त्योहार दो दिन का पड़ रहा था, जिसके बाद लोग इस बात को लेकर परेशान थे कि ये कब मनाया जाएगा. इसकी वजह ये हैं कि इस बार 31 अक्टूबर को अमावस्या दोपहर 2.40 बजे से लग रही है जबकि एक नवंबर की दोपहर तक ये खत्म हो जाएगी. शास्त्रों के अनुसार एक नवंबर की रात अमावस्या की तिथि नहीं है इसलिए ये त्योहार एक नवंबर को ही मनाया जाएगा.**

### मथुरा जन्मभूमि-ईदगाह विवाद हाईकोर्ट से झटका मिलने के .बाद इस बड़ी तैयारी में है मुस्लिम पक्ष

मथूरा श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मामले में शाही ईदगाह कमेटी को एक बड़ा झटका लगा है. इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मस्जिद कमेटी की रिकॉल अर्जी खारिज कर दी. कोर्ट के फैसले के बाद शाही ईदगाह कमेटी के सचिव तनवीर अहमद की प्रतिक्रिया सामने आई है. उन्होंने कहा कि उन्हें अभी तक हाई कोर्ट का आदेश प्राप्त नहीं हुआ है, लेकिन जैसे ही उन्हें आदेश की कॉपी मिलेगी, वह सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे. तनवीर अहमद ने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक सुनवाई चल रही थी, जिसमें बहस 16 अक्टूबर को पूरी हो गई थी. हमारे अनुरोध पर न्यायालय ने हमारी एक समान प्रार्थना को मंजूर कर दिया है. हाई कोर्ट से आदेश की कॉपी मिलने के बाद, मुस्लिम पक्ष इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगा. इससे पहले हमने सुप्रीम कोर्ट में एक रिट दायर की थी, जिसमें माननीय सुप्रीम कोर्ट का निर्देश था कि जब एक रिकॉल एप्लिकेशन आपकी लंबित है, तो पहले वहां सुनवाई पूरी की जाए. इसलिए, जैसे ही हमें आदेश मिलेगा, हम सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात रखेंगे.उल्लेखनय है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बुधवार को मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज कर दी है.

न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया है. मस्जिद पक्ष ने दलील दी थी कि इन 15 मामलों में मांगी गई राहतें अलग–अलग और असमान हैं, इसलिए इनकी एक साथ सुनवाई अनुचित होगी. हालांकि, कोर्ट ने यह तर्क स्वीकार नहीं किया और कहा कि सभी केस एक ही मुद्दे से संबंधित हैं. 15 याचिकाओं को लेकर दाखिल हुई थी रिकॉल अर्जी दरअसल, 11 जनवरी 2024



के आदेश को चुनौती देते हुए मुस्लिम पक्ष ने रिकॉल अर्जी दायर की थी. 15 याचिकाओं को लेकर रिकॉल अर्जी दाखिल हुई थी. 16 अक्टूबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था. बुधवार को इस पर फैसला सुना दिया है.श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद के पक्षकार एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया,न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ के समक्ष मंदिर और मस्जिद पक्ष की तरफ से बहस की गई थी. पक्ष ने आर्डर सात रूल 11 के तहत दिए गए प्रार्थना को खारिज कर स्वा. मित्व से जुड़े 15 सिविल वादों को एक साथ सुने जाने के कोर्ट के निर्णय खिलाफ रिकॉल प्रार्थना पत्र दाखिल किया था.ष्मंदिर पक्ष की तरफ से कहा गया कि रिकॉल प्रार्थना पत्र मामले को उलझाए रखने के लिए है.

रिकॉल  प्रार्थना पत्र किसी आदेश को वापस लेने के लिए दिया जाता है. अदालत रिकॉल प्रार्थना पत्र निस्तारण करने के बाद सिविल वादों को लेकर वाद बिंदु तय करेगी. मंदिर पक्ष ने वाद बिंदु दे दिए हैं. मुस्लिम पक्ष की तरफ से पेश हुईं सुप्रीम कोर्ट की अधिवक्ता ने दलील दी थी कि सभी मामलों को एक साथ किये जाने से वे सभी मामलों का विरोध करने के अधिकार से वंचित हो जाएंगे.अगस्त 2024 में मुस्लिम पक्ष की अर्जियों को किया गया खारिजइससे पहले एक अगस्त 2024 को न्यायमूर्ति जैन ने मुस्लिम पक्ष की अर्जियों को खारिज कर दिया था, जिसमें हिंदू पक्षों की ओर से दाखिल मामलों की योग्यता को चुनौती दी गई थी. मथुरा में मुगल बादशाह औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद के बारे में विवाद है कि उसका निर्माण भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थान पर एक मंदिर को तोड़कर किया गया था. हालांकि मुस्लिम पक्ष (शाही–ईदगाह प्रबंधन समिति और यूपी सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड) इस मामले का विरोध कर रहे हैं.

### कहीं एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक तो नहीं पी रहे .आप, पुलिस की छापेमारी में बड़ा खुलासा



मेरठ दीपावली पर घर आने वाले मेहमानों को यदि आप कोल्ड ड्रिंक्स, पैक्ड फ्लेवर्ड जूस, बादाम शेक या कोई भी साफ्ट ड्रिंक पिलाने जा रहे हैं तो थोड़ा सावधान हो जाएं, कहीं ऐसा न हो लेने के देने पड़ जाएं और मेहमान दिक्कत में आ जाएं. मेरठ पुलिस ने आज ऐसी ही गोदाम पर छापा मारा है जहां पर एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक्स और जूस, पानी का जखीरा मिला है. पूरा गोदाम एक्सपायर आइटम से ही भरा हुआ था, यानि यहां लोगों की जिंदगी से खिलवाड करने का पूरा इंतजाम था.मेरठ के सदर बाजार थाना इलाके के गंज बाजार में पुलिस को एक गोदाम की सूचना मिली थी. सूचना ये भी थी एक्सपायर कोल्ड ड्रिंक्स, जूस, पानी  से गोदाम भरा पड़ा है. इस पर पुलिस ने छापा मारा तो सूचना सटीक निकली. पूरा गोदाम कई बड़ी कंपनियों की कोल्ड ड्रिंक्स, पैक्ड फ्लेवर्ड जूस, बादाम शेक, पानी और कुछ खाने पीने की चीजों से भरा पड़ा था, लेकिन चौक. ाने वाली बात ये थी कि सभी आइटम एक्सपायर थी. इससे साफ है कि चंद सिक्कों की खातिर लोगों को एक्सपायर कोल्ड और जूस व अन्य समान बेचा जा रहा था एक्सपायरी डेट की कोल्ड ड्रिंक मिली पुलिस ने जब छापा मारा तो वहां कई कोल्ड ड्रिंक्स, टिन और बोतल पर मैन्युफैक्चिरिंग और एक्सपायर डेट मिटी हुई थी. पुलिस ने गोदाम मालिक कंकुल गोयल से पूछताछ चल तो पता चला कि उसने बताया कि थिनर से डेट मिटा दी गई थी और मशीनों से नई डेट डाली जानी थी. उसने कहा कि शहर के कई होटल और रेस्टोरेंट वाले एक्सपायर आइटम खरीदकर ले जाते हैं.

जो कोल्ड ड्रिंक का टिन मार्केट में 40 रूपये का बिकता है, वो एक्सपायर होने पर आठ रूपये में दे दिया जाता था. होटल कारोबारी इसे लोगों को सर्व कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे. मामले में खाद्य विभाग की भी बड़ी नाकामी सामने आ रही है, क्योंकि ये गोदाम पिछले कई सालों से एक्सपायर आइटम सप्लाई कर रहा था. कई बोतल और कोल्ड ड्रिंक ऐसी मिली हैं, जिन पर 2022 की एक्सपायर डेट भी मिली है, जबकि कई बोतल पर मिटा दी गई. अब खाद्य विभाग को जानकारी नहीं थी या जानकारी के बावजूद कार्रवाई की नहीं की गई ये बड़ा सवाल है. मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी रवि शर्मा का कहना है कि हमने कई सेंपल भरकर जांच के लिए भेज दिए हैं और जो भी एक्सपायर आइटम हैं, उन्हें नष्ट करा दिया जाएगा. कई ट्रक माल भरकर यहां से नष्ट कराने के लिए भेजा गया. इस माल की कीमत 20 लाख रूपये से ज्यादा है. एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने कहा कि खाद्य विभाग ने अपनी कार्रवाई कर दी है और हम अपनी कार्रवाई भी करेंगे कि आखिर लोगों की जिंदगी से खिलवाड क्यों किया जा रहा था? जो भी होटल रेस्टोरेंट ये एक्सपायर आइटम खरीदकर ले जा रहे थे, उनके खिलाफ भी एक्शन लेंगे. गोदाम मालिक कंकुल गोयल सहित कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है.

#### सपा नेताओं की नामांकन के दौरान पुलिस से नोक-झोंक, पुलिसकर्मियों को बताया बीजेपी का एजेंट

प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर बुधवार को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहम्मद मुजतबा सिद्दीकी का नामांकन हुआ. उनके इस नामांकन में शामिल होने के लिए पार्टी के करीब आधा दर्जन विधायक और तमाम दूसरे बड़े नेताओ के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे. प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी पार्टी नेताओं के साथ नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे तो वहां गेट पर ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मियों ने नियम का हवाला देकर सिर्फ चुनिंदा ,लोगों को ही अंदर जाने की अनुमति दी. पांच महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में फूलपुर सीट से पार्टी के उम्मीदवार रहे अम. रनाथ मौर्य और जिला महासचिव रविंद्र यादव समेत कुछ नेता अंदर जाने की कोशिश करने लगे तो उन्हें पुलिस वालों ने रोक दिया. सपा नेताओं और पुलिस वालों में कहा सुनी और तीखी नोंक झोंक हुई. इस मौके पर सपा के एक कार्यकर्ता ने पुलिस वालों को औकात दिखाने की धमकी दी तो वहीं पार्टी नेता अमरनाथ मौर्या ने ड्यूटी दे रहे पुलिस वालों को बीजेपी का एजेंट बता डाला. उन्होंने कहा कि सारे नियम कानून सिर्फ समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए ही हैं. जिस दिन ठश्रच का नामांकन होगा, उस दिन कोई नियम कानून लागू नहीं होगा और तमाम लोग अंदर जाएंगे. इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं और पु. लिसकर्मियों में देर तक नोक झोंक हुई. हालांकि पुलिस वालों ने इस नोक झोंक के बावजूद कुछ अन्य लोगों को भी अंदर जाने की अनुमति दी. समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पुलिस कर्मियों के बीच नोक झोक के कुछ वीडियो भी सामने आए हैं. यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहे हैं. सोशल मीडिया पर वीडियो के साथ लोग तरह–तरह के कमेंट कर रहे हैं. कुछ लोग इसे समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की गुंडागर्दी बता रहे हैं तो कुछ का कहना है कि पुलिस वालों को सियासी पचड़ेबाजी में नहीं पड़ना चाहिए.

#### पिता के पास जाते बालक की वाहन की टक्कर से मौत

कासगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र मेंढोलना मार्ग पर बुधवार की सुबह पांच वर्षीय बालक की लोडर वाहन की चक्कर लगने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब मासूम सड़क पार कर अपने पिता के पास जा मेडिकल स्टोर पर रहा था। सूचना पाकर मौके परपहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। क्षेत्र के गांव नगला लोधी खड़ेया निवासी प्रवीन कुमार (पांच वर्ष) पुत्र पुष्पेंद्र कुमार चार दिन से बुखार से पीड़ित था। पिता पुष्पेंद्र ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 7रू30 बजे पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर दवा दिलवाने के लिए निजी चिकित्सक के यहां कासगंज आया था। डॉक्टर को दिखाने के बाद बालक को वहीं बैठाकर वह उसकी दवा लेने के लिए सड़क पार करके मेडिकल स्टोर पर चला गया। इस दौरान बालक वहां से उठकर सड़क पार कर पिता के पास जाने लगा। इस बीच वह कासगंज से ढोलना की ओर जा रहे लोडर वाहन की चपेट में आ गया। वाहन की टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद पुष्पेंद्र सहित राहगीर व आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस की मदद से घायल बालक लेकर जिला अस्पताल आई। यहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की खबर सुनकर अन्य परिजन भी मौके पर पहुंच गए।

## यूपी में शत्रु संपत्तियों पर गायों के लिए घर बनवाएगी योगी सरकार

उत्तर प्रदेश में अब गोवंश देखभाल के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार बड़ा कदम उठाने जा रही है. जिसके तहत प्रदेश की शत्रु संपत्तियों पर गायों के लिए नया घर बनाया जाएगा. इन शत्रु सम्पत्तियों पर न केवल गायों की देखभाल की व्यवस्था की जाएगी बल्कि उनके लिए चारा भी उगाया जाएगा. राज्य सरकार ने इस संबंध में तैयारी शुरू कर दी है. इसके लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से संपत्तियों का डीटेल मांगा गया है. इस योजना में जमीन केंद्र सरकार मुहैया कराएगी और जरूरी सुविधाएं विकसित करने की जिम्मेदारी प्रदेश सरकार उठाएगी. देश में सबसे ज्यादा शत्रु संपत्तियां यूपी में हैं. इनकी संख्या करीब 6017 है. जिन पर अब पशुओं के लिए घर बनाने की तैयारी की गई है. जहां पशुओं की देखभाल के साथ उनके चारे तक की व्यवस्था हो सकेगी. शत्रु संपत्ति पर बनेंगे गायों के लिए आश्रय उत्तर प्रदेश में 7624 गो आश्रय स्थल हैं. जिनमें 12 लाख से ज्यादा गोवंश हैं. ऐसे में पशुओं की संख्या को देखते हुए उनके लिए हरे चारे की कमी है. यही नहीं गोशालाएं भी पर्याप्त मात्रा में नहीं है. जिसकी वजह से अक्सर गोवंश सड़कों पर घूमते दिखाई देते हैं.  ऐसे में गायों के लिए नए–नए स्थान तलाशे जा रहे हैं. ताकि वहां हरे चारे के उत्पादन के साथ ही कृत्रिम गर्भाधान व शोध केंद्र भी बन सके.इसी रणनीति के तहत प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार से लखनऊ और सीतापुर समेत सभी जिलों में शत्रु संपत्ति हासिल करने के लिए संपर्क किया है. यहां देसी गायों के संरक्षण और संवर्धन पर जोर दिया जाएगा. ज्यादातर शत्रु संपतियां मुसलमानों की हैं, ऐसे में

मुसलमानों का एक बड़ा तबका इस फैसले का विरोध कर सकता है.बता दें कि आजादी के बाद भारत और पाकिस्तान के विभाजन के वक्त जो लोग अपनी संपत्तियां छोड़कर भारत से पाकिस्तान चले गए थे. संपत्ति को शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया गया था जिस पर भारत सरकार का अधिकार है. उनकी संपत्तियों को शत्रु संपत्ति घोषित किया गया था. साल 1965 में पाकिस्तान



से हुए युद्ध के बाद 1968 में शत्रु संपत्ति अधिनियम पारित किया गया था. जिसके तहत भारत से पाकिस्तान गए जिन

लोगों ने पाकिस्तान की नागरिकता ले ली थी उनकी सारी अचल भारत सरकार का अधिकार है.

# जहरीली हुई आगरा की हवा: सांस लेने में समस्या...घुट रहा दम, एक्यूआई पहुंचा 307 अस्थमा रोगियों को विशेष परेशानी

ताजनगरी आगरा की हवा खराब हो गई है। यहां एक्यूआई 307 पहुंच गया। इससे लोगों को सांस लेने में समस्या का सामना करना पड़ा। बुजुर्ग, सांस और अस्थमा रोगियों को विशेष परेशानी हुई। आगरा में बुधवार को शहर की हवा में भी जहर घुलता रहा। इस सीजन में पहली बार संजय प्लेस और आवास विकास कॉलोनी के आसपास हवा की गुणवत्ता तय करने वाला एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 के पार पहुंच गया है। दिल्ली की तरह पूरे दिन स्मॉग की चादर छाई रही। इससे बुजुर्ग, अस्थमा रोगियों, सांस के रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 19 विभागों को ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप)



को लागू करने के लिए पत्र भेजा है।बुधवार को आगरा का एक्यूआई 168 दर्ज किया गया, लेकिन यहां पांच स्टेशनों के जरिए क्षेत्रों की हवा की गुणवत्ता की मॉनि. टरिंग की जाती है। इनमें पांच में से दो जगह संजय प्लेस और आवास विकास कॉलोनी में हवा खराब दर्ज की गई। इनमें संजय प्लेस में एक्यूआई 307 और सेक्टर–तीन में 202 दर्ज की गई। एक्यूआई में सबसे ज्यादा प्रदूषक तत्व पर्टिकुलेट मैटर यानी पीएम 2.5 की मात्रा 380 तक पहुंच गई जो सेहत के लिए खराब है। संजय प्लेस में खतरनाक ढंग से पीएम–2.5 कणों की मात्रा बढ़ी है, जो सांस रोगियों के लिए खतरे का संकेत है। जहरीली हवा के बीच उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. विश्वनाथ शर्मा ने 19 विभागों को पत्र भेजकर प्रदूषण नियंत्रण के उपाय अपनाने को कहा है।

## न्यायालय ने दो अलग-अलग मामलों में सुनाई सजा

कासगंज। ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के दृष्टिगत मंगलवार को न्यायालय द्वारा दो अलग–अलग मामलों में दोषियों को सजा सुनाई गई। इसमें एक एनडीपीएस एक्ट के दोषी को जेल में बिताई गई अवधि और सात हजार रुपये के अर्थदंड और दूसरे केस में आर्म्स एक्ट के दोषी को एक वर्ष के कारावास व पांच सौ रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया।न्यायालय द्वारा मंगलवार को थाना कासगंज से संबंधित अभियुक्त अनिल कुमार निवासी मोहल्ला गली जाटवान थाना कासगंज को एनडीपीएस एक्ट का दोषी मानते हुए सजा सुनाई गई। न्यायालय द्वारा दोषी के खिलाफ दोष सिद्ध करते हुए पूर्व में जेल में बितायी गई अवधि (3 माह) के कारावास व 7 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को 30 दिन के अतिरिक्त कारावास से दंडित किया गया है। वहीं दूसरे केस में न्यायालय द्वारा आर्म्स एक्ट के अभियोग में 01 अभियुक्त को किया दंडित किया। इसमें कोर्ट ने थाना कासगंज में दर्ज आर्म्स एक्ट के आरोपी अवधेश निवासी अहीरपाड़ा जयजयराम थाना कासगंज को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को एक वर्ष के कारावास की सजा व 500 रुपये के अर्थ. दंड से दंडित किया। यदि दोषी अर्थदंड अदा नहीं करता है तो उसे 1 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

## हापुड़ में सांप के काटने से एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत, दशहत में ग्रामीण



हापुड़ जिले में गांव सदरपुर के ग्रामीण सांप के डर से दहशत में हैं. यहां सांप एक के बाद एक अटैक कर लोगों की जान ले रहा है. गांव में अब तक एक ही परिवार के तीन लोगों मां–बेटी और बेटे की मौत हो चुकी है, जबकि दो अन्य लोगों का उपचार अस्पताल में चल रहा है. इन सबके बावजूद वन विभाग की टीम सांप को रणनीति बनाकर पकड़ने की जगह, सपेरों से बीन बजवाकर तमाशा कर रही है. वन अधिकारी कह रहे हैं सपेरों की टीम सांप को बाहर निकालेगी और वन विभाग की टीम उसे पकड़ लेगी. ऐसे में गांव के ग्रामीण सांप के खौफ से गांव से पलायन कर रहे हैं. आपको बता दें कि जिले के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सदरपुर में बीते दो दिन पूर्व सांप के काटने से मकान में सो रही महिला पूनम और उसके दो बच्चों साक्षी व तनिष्क की मौत हो गई थी. ग्रामीण तीनों का अंतिम संस्कार करके वापस गांव में लौटे ही थे, तभी खबर आई कि सांप ने एक और मजदूर युवक को काट लिया है. अचेत अवस्था में युवक को उपचार के लिए मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया.गांव में सांप के काटने से हो रही मौतों की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम गांव में पहुंच गई और टीम ने एक सांप को भी पकड़ लिया लेकिन सांप का खौफ गांव में खत्म नहीं हुआ. सांप ने देर रात्रि फिर एक महिला को काट लिया. जिसकी वजह से महिला अचेत हो गई. ग्रामीणों में सांप की दहशत इस कदर है कि उन्होंने अपने–अपने बच्चों को गांव के बाहर रिश्तेदारी में भेज दिया है. वन विभाग की चार टीमें मय पुलिस फोर्स के साथ सांप की तलाश में जुटी हुई हैं. लेकिन अभी तक सांप को नहीं पकड़ा जा सका है.

मेरठ से बुलाई सपेरों की चार सदस्यीय टीम वन अधिकारी करन सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर सपेरों की टीम को बुलाया गया है. उन्होंने कहा कि हो सकता है कि बीन के वाइब्रेशन से सांप बाहर निकल आए और वन विभाग की टीम उसे पकड़ ले. लेकिन सपेरों को बीन बजाते हुए भी कई घंटे बीत चुके हैं, लेकिन सांप है कि बीन के वाइब्रेशन से बाहर ही नहीं निकल कर आ रहा है. ऐसे में ग्रामीणों को अपनी जान का खतरा बना हुआ है. उनमें सांप का खौफ बरकरार है. ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एक के बाद एक मौतें हो रही हैं. लेकिन वन विभाग की टीम उनके साथ मजाक कर रही है. अब तक कोई भी ठोस कार्रवाई वन विभाग की टीम द्वारा नहीं की गई है. बीते दिन भी एक सांप को पकड़कर खाना पूर्ति कर ली गई थी. गांव में सांप के खौफ से लोग पलायन कर रहे हैं और अपनी–अपनी रिश्तेदारियों में जा रहे हैं.

## एटा में पत्नी ने प्रेमी के साथ भागकर कर ली शादी, नाराज पति ने उठाया खौफनाक कदम

एटा जनपद में एक 45 साल के व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई. इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. मृतक की पहचान बबलू उर्फ राम किशोर के रुप में हुई है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी.यह पूरा मामला एटा जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के रेवाड़ी मोहल्ले का है. यहां आपसी रंजिश में बबलू उर्फ राम किशोर (45) की सरेराह आरोपियों ने गोलियों से भून दिया. घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने बबलू उर्फ राम किशोर को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चिकित्सकीय परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया. हत्याकांड की ये है वजह पुलिस ने इस हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग बताया है. पुलिस के मुताबिक, मृतक बबलू उर्फ राम किशोर का बेटा शिवम 4 महीने रंजीत नाम के व्यक्ति की पत्नी को भगा ले गया और उससे शादी कर ली. इसे बात से रंजीत काफी नाराज था. इसके बाद रंजीत और तेजपाल उर्फ तेजा ने शिवम के पिता यानी बबलू की गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया.घटना के बाद पुलिस के आलाधिकारी पूरे दल बल के साथ मौके पर पहुंचे. अधिकारियों ने घटना स्थल से जरुरी साक्ष्य इकट्ठे किए हैं. इस हत्याकांड में पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस ने घटना स्थल और आसपास मौजूद सीसीटीवी फुटेज की जांच के बताया कि आरोपी की फुटेज सीसीटीवी में कैद हो गई है.पुलिस ने क्या कहा?इस घटना की सूचना मिलने का बाद एटा एसएसपी श्याम नारायण सिंह अपर पुलिस अधीक्षक राज कुमार सिंह भी पुलिस फोर्स के साथ मौका–ए वारदात का दौरा किया. एसएसपी श्याम नारायण सिंह ने बताया कि इस हत्याकांड में शामिल अभियुक्तों को चिह्नित कर लिया गया है. अभियुक्तों की जल्द ही गिरफ्तारी कर घटना का खुलासा किया जाएगा.

## खून से लथपथ मिला किसान का शव, हत्या की आशंका



(सीतापुर)। थाना क्षेत्र के भैंसापुर गांव में बुधवार सुबह भैरमपुर निवासी रामकिशन (75) का खून से लथपथ शव खेत में पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या कीआशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।रामकिशन भैंसासुर गांव में मामा के लड़के राजेंद्र के खेत की रखवाली करते थे। वह गांव के बाहर ही झोपड़ी बनाकर रहते थे। बुधवार सुबह नित्यक्रिया के लिए निकले ग्रामीणों ने खेत के पास ही उनका शव पड़ा देख पुलिस और परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शरीर पर चोट के निशान होने की बात कह हत्या की आशंका जताई। इंस्पेक्टर के साथ ही सीओ मिश्रिख दीपक कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके से साक्ष्य जुटाते हुए परिजनों के बयान भी दर्ज किए हैं।

खैराबाद (सीतापुर)। अशरफपुर में पानी की टंकी के निकट एक युवक का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।बनका जलालपुर निवासी रमेश (45) का शव संदिग्ध हालात में पानी की टंकी के पास पड़ा मिला। बेटी रिंकी ने आरोप लगाया कि उनके पिता की किसी ने हत्या की है। मुंह से खून आ रहा था। हाथ व गले में भी नाखून के निशान मिले हैं। रिंकी ने बताया कि पिता ने अभी एक मकान भी बेचा था। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह के मुताबिक रमेश अक्सर नशे में रहते थे। हत्या जैसी आशंका नहीं लग रही है। पीड़ित परिवार की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली के बस मार्शलों को मिला आतिशी सरकार का दिवाली गिफ्ट, सौरभ भारद्वाज ने किया बड़ा ऐलान

दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार दिवाली से पहले बस मार्शलों को बड़ा तोहफा देने जा रही है. दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने इसकी जानकारी आज (24 अक्टूबर) दी. सौरभ भारद्वाज ने कहा कि प्रदूषण से लड़ने के लिए चार महीनों के लिए बस मार्शलों को नौ. करी दी जाएगी.सौरभ भारद्वाज ने एक वीडियो संदेश में कहा, श्शजितने भी बस मार्शल भाई बहन हैं, जो लड़ाई आपके लिए अरविंद केजरीवाल लड़ रहे थे, उसके नतीजे आने लगे हैं. आप सबको दिल्ली में प्रदूषण से लड़ने के लिए आने वाले चार महीनों के लिए नौकरी दी जाएगी.श्शमंत्री ने कहा कि बस मार्शलों का संघर्ष रंग लाया है कि अरविंद केजरीवाल ने कहा था सभी को वापस रोजगार दिलवाएंगे. अब चार महीने उनको प्रदूषण के खिलाफ रोजगार दिया जाएगा और जब तक वो बस मार्शल की तरह बहाल नहीं होते हम बीजेपी की केंद्र सरकार को चौन नहीं लेने देंगे. बीजेपी के षड्यंत्र को करेंगे खत्म– सौरभ भारद्वाजवीडियो संदेश में सौरभ ने कहा, श्शचार महीने का रोजगार आपका पक्का होगा. हालांकि, बस मार्शल के तौर पर बहाल करने की लड़ाई जारी रहेगी. अरविंद केजरीवाल का वादा है कि आपको वापस नौकरी दिलवाएंगे, जिस तरह से षड्यंत्र करके बीजेपी की केंद्र सरकार ने आपको हटाया है. उस षड्यंत्र को खत्म करके आपके घर खुशियां वापस लौटाएंगे. श्शदिल्ली में 10 हजारबसमार्शलों की बहाली का मुद्दा गरमाया हुआ है. मार्शलों को नवंबर 2023 में उनके पद से हटा दिया गया था. आम आदमी पार्टी इसका विरोध कर रही है. वहीं, मार्शलों ने इसको लेकर प्रदर्शन भी किया था जिसमें आप के नेता भी शामिल हुए थे.

### दिल्ली में चार बच्चों की मां पहुंची थाने, पुलिस को बताया प्रेमी की पत्थर, हथौड़े और चाकू से क्यों की हत्या

दिल्ली में अलग–अलग वजहों से हत्या की वारदात को अंजाम देने का क्रम थम नहीं रहा है. अब चार बच्चों की मां ने पुलिस स्टेशन में जाकर कबूल किया कि उसने मुकुंदपुर इलाके में अपने घर में अपने प्रेमी को पत्थर, हथौड़े और चाकू से मार डाला. दिल्ली पुलिस के अधिकारी के मुताबिक 28 वर्षीय विधवा ने कहा कि उसने उस व्यक्ति अपने प्रेमी को मार डाला. वह शराबी था और अक्सर उसे और उसके बच्चों को गाली देता था. दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि यह मामला प्रकाश में आने के बाद महिला को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. पीड़ित की पहचान मोहम्मद तवारक उर्फ साहिल खान के रूप में हुई थी. मंगलवार को आरोपी महिला के कबूलनामे के बाद एक टीम महिला के घर पहुंची, जहां पुलिस को खान का लहूलुहान शव भूतल पर पड़ा मिला. घर से पत्थर, हथौड़ा और चाकू बरामद दिल्ली पुलिस की टीम ने मौके से एक पीसने वाला पत्थर, एक हथौड़ा और एक चाकू बरामद किया. जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि उसके पति की 2018 में मृत्यु हो गई थी. उसके चार बच्चे हैं.



दो साल थी रिश्ते में पुलिस अधिकारी के अनुसार पति की मौत के बाद से महिला मुकुंदपुर में रह रही थी. पिछले दो साल से खान के साथ रिश्ते में थी. खान एक प्लंबर था और शादीशुदा था. उसका एक बच्चा है. मंगलवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे खान शराब के नशे में घर आया और फिर से उसे परेशान करना शुरू कर दिया.दिल्ली पुलिस ने बताया कि मारपीट और गाली से गुस्से में आकर जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इस हादसे में पीड़ित की मात हो गई. इनमें एक लड़की और तीन बेटे शामिल हैं.आरोपी महिला ने भारी पत्थर, हथौड़े और चाकू से खान के सिर पर वार किया,

### खड़े ट्रक में पीछे से घुसी कार, बुजुर्ग दंपती की मौत, बेटा घायल

मथुरा। नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस–वे पर सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से कार घुस गई। कार सवार बुजुर्ग दंपती की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कार को कटर की मदद से काटकर तीनों को बाहर निकाला और गंभीर हालत में बेटे को अस्पताल भेजा। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ परिजनों को सूचना दी तो वह मथुरा रवाना हो गए।थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह ने बताया कि टावर 6, फ्लैट नंबर 1105 पार्क व्यू रेजीडेंसी पालम विहार गुरुग्राम निवासी गोपीनाथ मल्होत्रा (75), पत्नी प्रमिला मल्होत्रा (70) व पुत्र आशीष मल्होत्रा के साथ बुधवार सुबह गुरुग्राम से लखनऊ परिवार में किसी की गमी में शामिल होने कार से जा रहे थे। कार बेटा चला रहा था। जैसे ही तीनों नौहझील थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस–वे के माइल स्टोन 75 के पास पहुंचे, तभी कार खड़े ट्रक में पीछे से घुस गई।दुर्घटना में गोपीनाथ मल्होत्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी प्रमिला और पुत्र आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कटर की मदद से कार में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकाला। प्रमिला और आशीष को अस्पताल भेजा। रास्ते में प्रमिला ने भी दम तोड़ दिया। आशीष की गंभीर हालत देखते हुए परिजन उसे गुड़गांव ले गए। थाना प्रभारी के अनुसार कार चला रहे चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ है।दो बेटियों में अकेला भाई है आशीषमृतक दंपती के रिश्तेदार संदीप टंडन ने बताया कि गोपीनाथ गुरुग्राम में शुगर फैक्टरी में काम करते थे और 15 साल पहले सेवानिवृत्त हो गए थे। उनकी दो बेटी और एक बेटा है। सभी की शादी हो चुकी है। दुर्घटना के समय गाड़ी आशीष चला रहा था। बताया कि गोपीनाथ अपने भाई के पुत्र की मौत होने पर परिवार के साथ लखनऊ जा रहे थे।

# एएमयू नियुक्ति प्रक्रिया विवाद में एएमयू वीसी नईमा को नोटिस, हाईकोर्ट ने चार हफ्ते में किया तलब

कुलपति पैनल में प्रो. एमयू रब्बानी, प्रो. फैजान मुस्तफा और प्रो. नईमा खातून का नाम शामिल था। आरोप था कि चयन प्रक्रिया में प्रो. नईमा खातून के नाम को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई जा रही थीं। अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुलपति की चयन प्रक्रिया का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। विवादों के बीच कुलपति नईमा खातून की नियुक्ति के खिलाफ दाखिल याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कुलपति समेत अन्य विपक्षियों को नोटिस जारी कर चार हफ्ते में जवाब तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया की अदालत ने प्रो.एमयू रब्बानी की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। कुलपति की चयन प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी का आरोप लगातार लग रहा है। इससे पहले भी कई याचिकाएं दाखिल हुई हैं। इनमें जामिया मिल्लिया इस्लामिया दिल्ली के सैयद अफजल मुर्तजा रिजवी और एएमयू के प्रो. मुजाहिद बेग ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी।कुलपति पैनल में प्रो. एमयू रब्बानी, प्रो.फैजान मुस्तफा और प्रो. नईमा खातून का नाम शामिल था। आरोप था कि चयन प्रक्रिया में प्रो. नईमा खातून के नाम को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई जा रही थीं। उनकी नियुक्ति से पहले उनके पति प्रो. गुलरेज कार्यवाहक कुलपति थे। कुलपति ने पैनल उनके वोट को लेकर भी आपत्तियां थीं। लेकिन, इन सभी विवादों के बीच प्रो. नईमा खातून एएमयू की पहली महिला कुलपति बन गईं। हालांकि, उनकी नियुक्ति को लेकर उपजा विवाद फिर हाइकोर्ट में है।



## मासूम समेत डेंगू के छह मरीज मिले, एक की मौत, पीड़ितों की संख्या पहुंची 84

नौरंगाबाद क्षेत्र के कुंवरनगर में एक किशोरी समेत दो डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है। ग्रामीण इलाके में लोधा के भुकरावली में एक साल का मासूम और एलमपुर में 12 साल का बालक डेंगू से पीड़ित मिला है। इसके अलावा खैर के मिलक में 50 साल की महिला और अतरौली के बुलनगरिया में 24 साल की महिला डेंगू से पीड़ित मिली हैं।अलीगढ़ जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। 23 अक्तूबर को जनपद में एक मासूम समेत डेंगू के छह नए मरीज मिले हैं। इसके साथ ही जिले में डेंगू पीड़ितों की संख्या 84 पहुंच गई है। इधर, विजयगढ़ में एक युवक की मौत भी हुई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि युवक की मौत बुखार से हुई है।23 अक्तूबर को शहर के नौरंगाबाद क्षेत्र के कुंवरनगर में एक किशोरी समेत दो डेंगू के मरीजों की पुष्टि हुई है। ग्रामीण इलाके में लोधा के



भुकरावली में एक साल का मासूम और एलमपुर में 12 साल का बालक डेंगू से पीड़ित मिला है। इसके अलावा खैर के मिलक में 50 साल की महिला और अतरौली के बुलनगरिया में 24 साल की महिला डेंगू से पीड़ित मिली हैं। इन सभी का उपचार घरों पर चल रहा है।. स्वास्थ्य विभाग की टीम ने इनके घरों के आसपास फॉगिंग कराकर कीटनाशक का छिड़काव कराया है। इसके अलावा अकराबाद क्षेत्र की ग्राम पंचायत नगलाबरी में एक किशोर की मौत हो गई। चाचा सुरेंद्र ने बताया कि मोहित पुत्र पप्पू सिंह को तीन दिन से बुखार था। तबीयत ज्यादा बिगड़ने लगी तो परिवार के लोग रावत हॉस्पिटल ले गए। लेकिन हालत को देखते हुए डॉक्टर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था। यहां हुई जांच में डेंगू की पुष्टि हुई थी। उपचार के दौरान 22 अक्तूबर की देर शाम मोहित ने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही जिले में डेंगू पीड़ितों की संख्या 84 पहुंच गई है।

## कमिश्नर की अध्यक्षता में विकास कार्यो एवं आईजीआरएस .फीडबैक की मण्डलीय बैठक संपन्न

अलीगढ़ मण्डलायुक्त चौत्रा वी0 द्वारा कमिश्नरी सभागार में विकास कार्यों, आईजीआरएस पर प्राप्त असंतुष्ट फीडबैक के संबंध में मण्डलीय समीक्षा की गई। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन द्वारा आवंटित लक्ष्यों की विशेष प्रयास कर पूर्ति की जाए। आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह बड़े खेद का विषय है कि मण्डल दूसरे स्थान से 16वें स्थान पर पहुँच गया है, जो कतई उचित नहीं है। कमिश्नर ने शिथिल प्रगति वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन किए जाने के सापेक्ष डाटा फीडिंग न होने के कारण भी रैंकिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, ऐसे में सभी अधिकारी अभियान चलाकर डाटा फीडिंग का कार्य पूरा कराएं।आईजीआरएस पर मण्डल की रैंकिंग 2 से 16वें स्थान पर मण्डलायुक्त ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि अलीगढ़, हाथरस एटा की वजह से मण्डल की यह स्थिति हुई। सभी अधिकारी ध्यान दें कि प्राप्त शिकायतों पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराएं। आईजीआरएस पर असन्तुष्ट फीडबैक के मामले ज्यादा आने पर स्वास्थ, महिला कल्याण, लोक निर्माण एवं अन्य कई विभागों का नाम गिनाते हुए कहा कि क्या जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता समाप्त हो चुकी है। सुधार का एक मौका देते हुए उन्होंने कहा कि अगले माह तक यदि रैंकिंग नहीं सुधरती है तो अधिकारी और संबंधित कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा।सीएम डैश बोर्ड में टॉप पाँच स्थान पाने वाले विभागों में अधिशासी अभियंता सिंचाई




हाथरस राजेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता गंग नहर अलीगढ़ बलवंत सिंह, सीएमओ एटा डा0 उमेश कुमार त्रिपाठी, पीडी डीआरडीए हाथरस राजेश कुमार कुरील, सीवीओ अलीगढ़ एनएन शुक्ला, अधीक्षण अभियंता विद्युत एटा प्रमोद कुमार सिंह, अलीगढ़ अशोक कुमार एवं प्रभात आनन्द मोगा, बीएसए कासगंज सूर्य प्रताप सिंह, डीसी मनरेगा एटा प्रभुदयाल को उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रशस्ति पत्र देते हुए अन्य विभागों के अधिकारियों को और अधिक प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।उर्वरक वितरण एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय निरीक्षण का सत्यापन कार्य की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वर्तमान में खाद वितरण का कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है, अधिकारी वितरण रिपोर्ट की सूचना समय से दें और निरीक्षण के दौरान यदि किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता है तो विवेकपूर्ण निर्णय लेते हुए सरलता से खाद वितरण सुनिश्चित कराएं। खाद वितरण के संबंध में कमिश्नर ने बताया कि मण्डल में खाद की कोई कमी नहीं है। 25 अक्टूबर को और रैक लगने वाली है। सभी किसान भाइयों को खाद मिलेगी, परन्तु वह स्टॉक न करें। विद्युत विभाग की समीक्षा में लाईन लॉस, ट्रांसफॉर्मर अवस्थापन, राजकीय नलकूपों का संचालन एवं हाथरस में शहरी विद्युत आपूर्ति में ई श्रेणी आने पर जवाब देते हुए बताया कि अधिक बारिश के चलते आपूर्ति प्रभावित रही। कृषि विभाग की समीक्षा में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम में हाथरस की 74वीं रैंक पर कमिश्नर ने आपत्ति जताते हुए सुधार लाने के निर्देश दिए।अल्ट्रासाउंड सुविधा संचालित किए जाने के निर्देश दिए। एटा और अलीगढ़ 56 स्थान पर पाया गया। फैमली आईडी बनाए जाने में अलीगढ़ एवं कासगंज डी और एटा हाथरस ई ग्रेड में पाए जाने पर लक्ष्य आवंटित कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

एटा में सीटी स्कैन सेवाएं संचालित न होने और हाथरस में जिला रैंक 52 होने पर सीएमओ से सवाल जवाब किया। जल जीवन मिशन में मण्डल बी ग्रेड में रहने के साथ ही जिला रैंक में कासगंज 35, हाथरस 67, समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में एटा को ई, सड़क समीक्षा में गड्ढ़ामुक्ति अभियान, 102 एम्बुलेंस सेवा में अलीगढ़ व हाथरस की जिला रैंक 1 वहीं एटा व कासगंज की जिला रैंक 57 पाई गई। अपर निदेशक पशुपालन को पशुओं के लिए एक्सरे एवं

मिशन शक्ति, सफाई अभियान, संचारी रोग नियंत्रण, जन्म–मृत्यु पंजीकरण कार्य में पंचायतीराज विभाग के शिथिल योगदान पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 में हाथरस जिले की बी ग्रेड मिलने पर ए प्लस के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। कमिश्नर ने डोर टू डोर कूड़ा एकत्रीकरण कार्य के अलीगढ मॉडल की सराहना करते हुए उसे अन्य तीन जिलों में लागू करने के निर्देश सीडीओ को दिए। सामाजिक वनीकरण में अलीगढ़ 73, एटा 67, कासगंज 71, हाथरस 1 जिला रैंक पाई गई, सुधार लाने के निर्देश दिए।ऑपरेशन कायाकल्प में हाथरस और अलीगढ़ बीएसए को सुधार लाने के निर्देश दिए। मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में मण्डल की स्थिति खराब पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की। पशुपालन की समीक्षा के दौरान अंडा उत्पादन में वृद्धि करने, गौवंश संरक्षण में अलीगढ़ 70, एटा 14, हाथरस 56, कासगंज 19 स्थान पर पाया गया। उन्होंने एडी पशुपालन को वन, राजस्व एवं कृषि विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए सभी चारहगाहों में हरा चारा की बोआई कराए जाने के साथ ही कृत्रिम गर्भाधान व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। शादी अनुदान योजना में मण्डल प्रथम स्थान पर पाया गया। मंडलायुक्त ने वृद्धावस्था पेंशन के लिए निरस्त किए आवेदन पत्रों की दोबारा से सत्यापन कराए जाने की निर्देश दिए। नवीन सड़क निर्माण में खराब प्रगति पर कासगंज के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में शिथिल प्रगति पर अलीगढ़, एटा व हाथरस के समाज कल्याण अधिकारी के वेतन रोकने के निर्देश दिए। बैठक में जेडीसी मंशाराम यादव, सभी सीडीओ, पीडी, डीसी एनआरएलएम एवं मण्डलीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ रेस्टोरेंट में चल रहा हुक्का बार पकड़ा, दो संचानक गिरफ्तार, बिना लाइसेंस हो रहा था संचालन

अलीगढ़ के किशनपुर तिराहे पर बीपीएन रेस्टोरेंट में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित होने की सूचना पर 22 अक्तूबर देर रात 11 बजे पुलिस ने छापेमार कार.वाई की। पुलिस को देख वहां खलबली मच गई।अलीगढ़ में थाना क्वार्सी क्षेत्र के किशनपुर में रेस्टोरेंट की आड़ में अवैध रूप से संचालित हुक्का बार पर 22 अक्तूबर की रात पुलिस ने छापा मारा। यहां 10–12 युवा नशीले पदार्थ का सेवन करते पाए गए। पुलिस ने दोलोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।सीओ तृतीय मयंक पाठक ने बताया कि क्वार्सी क्षेत्र के रामघाट रोड स्थित किशनपुर तिराहे पर बीपीएन रेस्टोरेंट में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित होने की सूचना पर 22 अक्तूबर देर रात 11 बजे पुलिस ने छापेमार कार्रवाई की। पुलिस को देख वहां खलबली मच गई। यहां 10–12 युवक बैठकर हुक्का पीकर नशीले पदार्थों का सेवन कर नशा कर रहे थे। दो व्यक्ति चारकोल को हुक्कों की चिलम में रख रहे थे। पूछताछ में एक ने अपना नाम आशू राणा व दूसरे ने राजीव कुमार निवासी मैलरोज बाईपास, नगला कलार, थाना बन्नादेवी बताया। दोनों हुक्का बार चलाने का लाइसेंस नहीं दिखा सके।पुलिस को यहां से सात हुक्का, सात पाइप, छह चिलम, तीन चिमटे, तीन क्लाउड, सात पोड, तीन चारकोल के पैकेट व अन्य सामान मिले। जिसे सील कर दिया गया है। सीओ तृतीय ने बताया कि हुक्का बार का संचालन बिना लाइसेंस के अवैध रूप से हो रहा है। इस संबंध में उपनिरीक्षक निशांत चौधरी ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

### सीएमओ.के निर्देश पर डीएमओ. डॉ.राहुल कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में सघनता पूर्वक चलाया जा रहा है संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान

अलीगढ़।जनपद में चलाए जा रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के तहत जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.राहुल कुलश्रेष्ठ के नेतृत्व में सीएचसी लोधा के संवेदनशील क्षेत्र सारसौल एवं भुखरावली में तथा सीएचसी अतरौली के क्षेत्र नगला भूड़ में डेंगू केस बेस्ड एक्टिविटी में घर घर भ्रमण कर आशाओं द्वारा किए जा रहे कार्य का पर्यवेक्षण किया।इस दौरान लोगों को वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें क्या ना करें की जानकारी दी गई और पैंपलेट वितरित किए गए।इस अवसर पर डॉ.शोएब अंसारी, ,वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वार्ष्णेय,एसएलटी भानु प्रताप सिंह,एचएस बिनोद कुमार,एएनएम मंजू,मयूरी,छवि रानी,सीएचओ राम लखन,लोरीना,आशा संगिनी मंजू,सुनीता, आशा प्रभा,मंजू, प्रीति,सुनीता,बबली,अनीता,रेखा,कुमकुम,एफडब्लू अजय, मदन मोहन,आंगनवाड़ी कशमीरी आदि उपस्थित रहे।वहीं टीम द्वारा घरों में फोकल स्प्रे,एंटी लार्वा कीटनाशक छिड़काव का कार्य भी कराया गया साथ ही नगरीय क्षेत्र में भी दस्तक अभियान की कार्यवाही की गई।

## एडीएम ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



अलीगढ़ एडीएम प्रशासन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के संबंध में बैठक आहुत की गई। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 71–खैर विधानसभा क्षेत्र में उपनिर्वाचन के कारण स्थगित रहेगा।एडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में 29 अक्टूबर 2024 को मतदाता सूची का आलेख्यप्रकाशन विधानसभा खैर के अतिरिक्त जिले के सभी मतदेय स्थलों एवं तहसीलों पर किया जायेगा। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2025 के आधार पर 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में सभी बीएलओ, तहसील स्तर पर स्थापित मतदाता पंजीकरण केन्द्र अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय से फार्म प्राप्त एवं जमा कर सकते हैं। इस अवधि में 09 व 10 नवम्बर एवं 23 व 24 नवम्बर को विशेष अभियान चलाकर मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 06 जनवरी 2025 को किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कि भावी मतदाताओं के साथ–साथ विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 का पूर्ण लाभ वर्तमान मतदाताओं को प्राप्त हो, इसके लिए आवश्यक है कि वर्तमान मतदाता, मतदाता सूची में ससमय अपना नाम चेक कर लें और तदानुसार अग्रिम अपेक्षित कार्यवाही करें, इसके लिए मतदाताओं द्वारा अपना नाम मतदाता सूची में देखने के लिए विभिन्न व्यवस्थायें की गयी है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची 29 अक्टूबर 2024 से 28 नवम्बर 2024 के मध्य सभी मतदान केन्द्रों पर देखने के लिए उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही वेबसाइट www-ceouttarpradesh-nic-in ij Search Your Name Electoral Roll बटन पर क्लिक करके मतदाताओं द्वारा अपने सेसम्बन्धित विवरण की पुष्टि की जा सकती है। उन्होंने बताया कि मतदाता https://electoralsearch-पद एवं https://voters-eci-gov-पद पर भी अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है तथा अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करके भी उक्त सेवाओं को प्राप्त कर सकते है।एडीएम पंकज कुमार ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों में मतदेय स्थलवार बूथ लेबिल एजेंट–बीएलए की नियुक्ति कर उनकी सूची उपलब्ध करा दें ताकि बीएलओ से समन्वय स्थापित कर प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि आयोग द्वारा नए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 01 जनवरी के साथ ही 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर की तिथि को अर्हता की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 अक्टूबर से आरम्भ हो रहे विशेष पुनरीक्षण अभियान के दौरान 01 जनवरी को अर्ह हो रहे मतदाताओं के साथ ही 01 अप्रैल 2025, 01 जुलाई 2025 एवं 01 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए फार्म–6 प्राप्त कर लिए जाएं ताकि यथा समय उनके नाम मतदाता सूची में जोड़े जासकें।बैठक बीजेपी से उदयवीर सिंह लोधी, कांग्रेस से नदीम गफूर, सीपीआईएम से इदरीश मोहम्मद, बीएसपी से अशोकदीप, सपा से इसरार सोलंकी एवं शाकिर अंसारी और संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# नहीं रहा लाल, किसके लिए रखूंगी व्रत करंट से बुझा घर का चिराग, डेढ़ साल के मासूम की मौत

हाथरस गोलू की मौत के बाद मां मीरा देवी का रो–रोकर बुरा हाल था। एक ही बात वह रोते हुए कह रही थी कि बेटा तो गया, अब किसकी लंबी उम्र के लिए रखूंगी अहोई अष्टमी का व्रत, उसकी तो उम्र ही खत्म हो गई। बिलखती मां बच्चे को शव को परिजनों को ले जाने नहीं दे रही थी।चंदपा क्षेत्र के गांव कटैलिया में डेढ़ वर्षीय बच्चे गोलू की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि टूटे पड़े खंभे में उतरे करंट ने बालक की जान ली है।विद्युत विभाग अधिकारियों ने खंभे में करंट होने से इन्कार किया है। इनका कहना है कि घर में रखे पंखे से बालक को करंट लगा है।गोलू गांव कटौलिया निवासी मनोज का पुत्र था।बुधवार सुबह करीब आठ बजे गोलू घर के बाहर आंगन में खेल रहा था। पास में ही खाली प्लाट में बिजली का क्षतिग्रस्त खंभा पड़ा हुआ है, जिसके तार खुले में पड़े हुए हैं।

इनमें करंट कहीं से करंट आ गया और उसकी चपेट में आकर गोलू की मौत हो गई।उस बालक की मां और परिवार के अन्य सदस्य घर के अंदर थे। मनोज नेबताया कि बुधवार सुबह वह घर से काम के लिए हाथरस शहर की ओर निकला था, इसी बीच रास्ते में गोलू को करंट लगने की सूचना मिली। गोलू की मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।जेई मुकेश कुमार ने बताया कि यह खंभा बारिश के दौरान क्षतिग्रत हुआ था। उसी दौरान इसका करंट बंद करा दिया गया था। घर में अन्यत्र स्थान से विद्युत आपूर्ति हो रही है। अभी विद्युत खंभे आए नहीं हैं, उपलब्ध होते ही जल्द ही खंभे को बदलवा दिया जाएगा। बच्चे की मौत घर में पंखे के तार से करंट लगने से हुई है। इस बात की जानकारी हासिल कर ली गई है।डेढ़ माह से गिरा पड़ा है खंभा, गांव में लटके हैं जर्जर तार गांव कटैलिया में विद्युत तार जर्जर अवस्था में लटके हुए हैं। यहां तक गलियों में 11 हजार केवी की विद्युत लाइन इस कदर लटकी हुई है, अगर कोई बड़ा वाहन इन तारों के नीचे से गुजरे तो चपेट में आ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि इन विद्युत तारों को ऊंचा कराने व नीचे सेफ्टी वायर लगवाने के लिए कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। हर समय हादसों का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह खंभा भी करीब डेढ़ माह पूर्व टूट गया था, लेकिन तब से इसे सही नहीं कराया गया।कई बार लिखित माध्यम से तारों को दुरुस्त कराने के लिए शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है, हर समय हादसे का डर बना रहता है।–विनीत राणा, ग्राम प्रधान। गांव में जर्जर तार हैं, खंभा तो डेढ़ माह से टूटा हुआ है, कोई सही करने नहीं आया है। आखिरकार हादसा हो ही गया है।–नौबत सिंह, ग्रामीण मां बोली–अब किसकी लंबी उम्र के लिए रखूंगी अहोई



अष्टमी का व्रत कटैलिया में 23 अक्तूबर की सुबह मनोज कुमार के घर की खुशियां अचानक मातम में बदल गई। गोलू की मौत के बाद मां मीरा देवी का रो–रोकर बुरा हाल था। एक ही बात वह रोते हुए कह रही थी कि बेटा तो गया, अब किसकी लंबी उम्र के लिए रखूंगी अहोई अष्टमी का व्रत, उसकी तो उम्र ही खत्म हो गई। बिलखती मां बच्चे को शव को परिजनों को ले जाने नहीं दे रही थी। परिवारीजन उन्हें ढाढ़स बंधा रहे थे। गोलू अपने माता–पिता का इकलौता पुत्र था। बुधवार की सुबह हुई घटना ने ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया।

## भूगर्भ जल स्तर बढ़ाने के लिए तैयार होंगे तीन चेकडैम

हाथरस जिले में जल संचय व भूजल गर्भ को बढ़ाने के लिए तीन नालों में चे. कडैम बनाए जाएंगे। इसके लिए प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई है। लघु सिंचाई विभाग की ओर से अब टेंडर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।वर्ष 2024–25 में जिला योजना के तहत चे. कडैम का निर्माण किया जाएगा। इसमें सादाबाद क्षेत्र में जारऊ के निकट बिज. हारी ड्रेन में करीब 39.50 लाख की लागत से एक चेकडैम तैयार किया जाएगा। वहीं सादाबाद के बिजहापी ड्रेन में ही वास पोहपी पर 41 लाख रुपये से एक चेकडैम तैयार किया जाएगा। इसके अलावा सिकंदराराऊ के फतेली डंडेसरी पर अकराबाद नाला में करीब 38.25 लाख रुपये से चेकडैम तैयार किया जाएगा। लघु सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दीपक कुमार ने बताया कि निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति मिल गई है। अब जल्द ही टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## खैर विधानसभा उपचुनाव में सुरेंद्र दिलेर बने बीजेपी के प्रत्याशी, पिता व दादा के बाद चुनाव में अब तीसरी पीढ़ी



खैर विधानसभा सीट पर भाजपा ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा कर दी है। इस सीट पर अगस्त में सीएम योगी आदित्यनाथ सभा कर चुके हैं। जो नाम यहां से दावेदारों के भेजे गए थे इनमें पूर्व सांसद किशनलाल दिलेर के नाती सुरेंद्र उर्फ दीपक भी चर्चाओं में था। रा. जवीर सिंह दिलेर हाथरस के सांसद थे उनकी टिकट काटकर ही पार्टी ने अनूप को प्रत्याशी बनाया गया था।भाजपा ने खैर विधानसभा सीट पर होने जा रहे उपचुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। पार्टी ने हाथरस के पूर्व सांसद राजवीर दिलेर के बेटे सुरेंद्र दिलेर को प्रत्याशी बनाया है। सुरेंद्र अपने परिवार से भाजपा से टिकट पाने वाले तीसरी पीढ़ी के सदस्य हैं। उनके दादा किशनलाल दिलेर हाथरस से सांसद रह चुके हैं।भाजपा में टिकट को लेकर मारामारी चल रही थी। 50 से अधिक लोगों ने दावेदारी की थी। पार्टी के नेता अपने–अपने चहेतों को टिकट दिलाने में लगे हुए थे। लेकिन पार्टी ने किसी नहीं सुनी। पार्टी की कोशिश ऐसे चेहरा को उतारे की थी जिसे सब पसंद करें।

# इगलास सहित समूचे क्षेत्र में अहोई अष्टमी पर माताओं ने अपने पुत्रों की दीर्घ आयु के लिए रखा वृत

इगलास रू इगलास नगर व आस पास क्षेत्र में अहोई अष्टमी के पर्व पर माताओं ने वृत रखकर आकाशीय चंद्रतारों को अर्क देकर अपने पुत्र की दीर्घ आयु के लिए ईश्वर से कामना करेंगी। माताओं ने बाजारों में जाकर पुत्रों के लिए वस्त्र , खेल खिलौना तथा चीनी व मिट्टी के करे और अहोई अष्टमी देव की तस्वीर खरीदी।

इगलास नगर सहित कस्बा बेसवा, गोरई, गोण्डा एवं ग्रामीण क्षेत्र में माताओं द्वारा अपने पुत्रों की लंबी उम्र के लिए सुबह से व्रत रखा और शाम तक बिना पानी व अन्न ग्रहण किए ही पुत्रों की लंबी उम्र की अभिलाषा करते हुए अपना पूरा मन ईश्वर की ओर लगा दिया। रात्रि को आकाश में चंद्र देव के साथ तारों को अर्क देने के बाद ही भोजन करने का निर्णय लिया।



## तेजाब से हमले में दो सगे भाइयों समेत चार को 10 साल की सजा



थाना गंगीरी क्षेत्र में एक ही परिवार के लोगों से मारपीट व तेजाब से हमला करने के मामले में एडीजे तृतीय राकेश वशिष्ठ की अदालत ने चार लोगों को दोषी करार दिया है। इनमें दो सगे भाई भी हैं। अदालत ने चारों को 10 साल कारावास की सजा व 11–11 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। एडीजीसी अमर सिंह तोमर ने बताया कि 17 मई 2015 को गंगीरी क्षेत्र के गांव नरायनपुर निवासी हरिओम कुमार ने तहरीर दी थी। उन्होंने बताया कि उनकी व उनके परिवार की गांव के ही कुछ लोगों से ट्यूबवेल की नाली साफ करने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इसे लेकर 20 मई 2015 को आरोपियों ने उनके व उनके परिवार के साथ मारपीट कर दी। वीरपाल सिंह ने हरिओम, उनकी मां कैलाशी देवी, महीपाल, सुमित पर तेजाब डाल दिया, जिससे सभी बुरी तरह झुलस गए। पुलिस ने प्रमोद कुमार, शिवकुमार, बृजेश, वीरपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए चार्जशीट दाखिल की। अदालत ने सत्र परीक्षण, साक्ष्यों व गवाही के आधार पर चारों को दोषी मानते हुए 10 साल की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि में से 10–10 हजार चारों घायलों को देने के आदेश दिए हैं। दोषी प्रमोद व बृजेश आपस में भाई हैं।

## एसवी कॉलेज में छात्रा के साथ छेड़खानी करने पर हंगामा, पुलिस भी पहुंची



अलीगढ़ कॉलेज की एक छात्रा के साथ पिछले 18 दिनों से उसी कक्षा का एक छात्र छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी कर रहा है। इससे छात्रा परेशान हो गई। उसने इसकी शिकायत तीन दिन पहले प्राचार्य से की। प्राचार्य ने आरोपी छात्र के घर पर नोटिस भेजा, लेकिन उसे किसी ने नहीं लिया।अलीगढ़ के एसवी कॉलेज में एक छात्रा के साथ छेड़खानी करने पर 23 अक्तूबर को हंगामा हो गया। आरोपी छात्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कक्ष का घेराव कर जमकर नारेबाजी की।कॉलेज की एक छात्रा के साथ पिछले 18 दिनों से उसी कक्षा का एक छात्र छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी कर रहा है। इससे छात्रा परेशान हो गई। उसने इसकी शिकायत तीन दिन पहले प्राचार्य से की। प्राचार्य ने आरोपी छात्र के घर पर नोटिस भेजा, लेकिन उसे किसी ने नहीं लिया। इसके बाद उन्होंने कॉलेज के कर्मचारी को भेजकर छात्र के अभिभावक को बुलाया गया। छात्रा को भी प्राचार्य कक्ष में बुलाया गया। छात्रा के अनुसार, छात्र के दोस्तों ने कुछ भी बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी है।इसकी जानकारी जब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं को हुई तो उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। प्राचार्य कक्ष का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। हंगामे की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। इसके बाद आरोपी छात्र को बुला लिया गया। पुलिस ने छात्रा से लिखित में शिकायत ली है। प्राचार्य प्रो. बृजेश कुमार ने कहा कि छात्रा ने छेड़खानी और परेशान करने की शिकायत की थी। छात्र को हिदायत और अनुशासन में रखने के लिए अभिभावकों को बुलाया गया था। पुलिस को इसकी जानकारी दे दी गई थी।

## नगर निगम में फिर से होगा कुत्ते व बिल्ली का पंजीयन

नगर निगम में एक बार फिर से कुत्ते व बिल्ली का पंजीयन होगा। पंजीयन लोग नगर निगम पशु चिकित्सा कल्याण विभाग व ऑनलाइन भी करा सकेंगे। कुछ माह पहले शासन ने पंजीयन पर रोक लगा दी थी। अब दोबारा पंजीयन की शुरू हो गया है। पंजीयन नहीं कराने वालों पर पांच हजार रुपये तक जुर्माना लगेगा। नगर निगम ने करीब छह माह पहले अभियान चलाकर कुत्तों व बिल्लियों का पंजीयन कराया था। उस दौरान करीब 500 से अधिक कुत्तों व बिल्लियों का पंजीयन हुआ था, लेकिन उसके बाद अभियान रुक गया था। अब दोबारा नगर निगम ने इसको लेकर अपील की है कि पालतू कुत्ते व बिल्ली का पंजीयन करा लें। अगर ऐसा नहीं कराएंगे तो पांच हजार रुपये तक पशु पालक पर जुर्माना लगाया जाएगा। 600 से लेकर 200 रुपये पंजीयन शुल्क पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डा. राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि पंजीयन की तीन कटेगरी निर्धारित की गई है। बड़े विदेशी ब्रीड का शुल्क 600, छोटे विदेशी ब्रीड का शुल्क 500 व देशी का शुल्क 200 रुपये तय किया गया है। पंजीयन के दौरान पालतू पशु का फोटो, नाम, ब्रीड देना होता है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से गई जान, परिवार में छाया मातम

ओजोन सिटी अलीगढ़ निवासी ऋषि कुमार नोएडा से बस में आए थे। टप्पल कट पर उतरने के बाद अलीगढ़ जाने के लिए पैदल टप्पल कट से अलीगढ़–पलवल मार्ग पर उतर रहे थे तभी पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। उसकी मौत हो गई।




यमुना एक्सप्रेस वे के टप्पल कट के पास एक व्यक्ति को ट्रैक्टर ने पीछे से टक्कर मार दी। इससे व्यक्ति की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस के अनुसार घटना 23 अक्तूबर शाम करीब पांच बजे की है।ओजोन सिटी अलीगढ़ निवासी 50 वर्षीय ऋषि कुमार पुत्र शिशुपाल सिंह नोएडा से बस में आए थे। टप्पल कट पर उतरने के बाद अलीगढ़ जाने के लिए पैदल टप्पल कट से अलीगढ़–पलवल मार्ग पर उतर रहे थे तभी पीछे से ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे वह घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खबर पाकर परिजन थाने पहुंच गए। पुलिस ने चालक को पकड़ने के साथ ट्रैक्टर को थाने में खड़ा कराया है।

## खैर विधानसभा उपनिर्वाचन के तहत मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण 25 व 26 अक्टूबर को

अलीगढ़ 24 अक्टूबर 2024 (सू0वि0)रू मुख्य विकास अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी कार्मिक प्रखर कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि विधानसभा सामान्य उपनिर्वाचन–2024 के लिए 20 मास्टर ट्रेनर्स को मतदान कार्मिकों को ईवीएम–वीवीपैट समेत अन्य सामान्य प्रशिक्षण देने के लिए नामित किया गया है।सीडीओ ने प्रधानाचार्य राजकीय आ. ईआईआई को निर्देशित किया है कि संबंधित प्रशिक्षण अधिकारियों को नौरंग. ीलाल इंटर कॉलेज में 25 व 26 अक्टूबर को दो पालियों में प्रातः 09 बजे से 01 बजे तक एवं सांय 02 बजे से 05 बजे तक आहुत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए निर्देशित करना सुनिश्चित करें।

### निर्वाचन व्यय के लिए खोलना होगा अलग बैंक खाता



जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी. ने खैर विधानसभा उप निर्वाचन में निर्वाचन व्यय के लिए अलग से बैंक खाता खोलने का प्रावधान किया है। इसके लिए उन्होंने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व और प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण मीनू राणा को निर्देशित किया है। उन्होंने कहा है कि राजनीतिक दलों व निर्वाचन अभ्यर्थियों को संबंधित अधिकारियों व जिलास्तरीय बैंकर्स कमेटी के माध्यम से बैंकों के संज्ञान में लाकर उनका खाता खोलवाना सुनिश्चित करें।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एवं संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक मुद्रक प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस अचलताल अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5 अलीगढ़ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायालय ही होगा।